*The Transport Subsidy Promotes Employment And Helps You Stay In Work*

劳工處
Labour Department

# Work Incentive Transport Subsidy Scheme



## कार्य प्रोत्साहन परिवहन अनुदान योजना

### लक्ष्य

कम आमदनी वाले लोगों को कार्य पर जाने और वहां से आने की यात्रा का खर्च कम करने में सहायता करना और उन्हें रोजगार प्राप्त करने या उसमें बने रहने के लिए प्रोत्साहित करना।

योग्य व्यक्ति एक व्यक्तिगत या परिवार के आधार पर आवेदन कर सकते हैं।

मासिक आमदनी और संपत्ति सीमाएं समायोजित किया गया हैं।



कृपया आवेदन समयसीमा पर ध्यान दें

Hindi version

## महत्वपूर्ण विशेषताएं



WITS योजना की “दोहरी खोज” व्यवस्था है। मैं व्यक्तिगत-आधारित आवेदन के लिए आमदनी और संपत्ति की सीमाएं पूरी करती हूं और एक व्यक्तिगत आधार पर WITS के लिए लिए आवेदन कर सकती हूं।



- व्यक्तिगत-आधारित और परिवार-आधारित आवेदनकर्ता प्रत्येक आवेदन में पिछले 6 से 12 महीनों के लिए कार्य प्रोत्साहन परिवहन अनुदान (WITS) के लिए आवेदन कर सकते हैं। WITS की स्वीकृति कैलेंडर महीने के आधार पर दी जाती है और आवेदनकर्ताओं को प्रत्येक योग्य महीने के लिए अनुदान मिलेगा।
- आवेदनकर्ताओं की सुविधा के लिए, आवेदन डाक के जरिए जमा किए जा सकते हैं और WITS का भुगतान बैंक ट्रांसफर के जरिए किया जाएगा।
- एक ही परिवार के आवेदनकर्ता इन्हें चुन सकते हैं:

1. प्रत्येक आवेदनकर्ता का व्यक्तिगत आंकलन किया जाए; या
2. सभी आवेदनकर्ताओं और परिवार के सदस्यों का एक साथ आंकलन एक परिवार के तौर पर किया जाए।

मूल परिवार के सदस्यों सहित समान परिसर में रहने वाले परिवार के सदस्य और वे व्यक्ति जो समान परिसर में रहते हैं और जीवन के लिए खाद्य आपूर्तियों में भागीदारी करते हैं।





मेरे परिवार के आवेदनकर्ता अलग से या एक साथ एक परिवार के तौर पर आवेदन कर सकते हैं।

आवेदनकर्ता पहले आवेदन या प्रत्येक 6 से 12 महीनों में पुनः-आवेदन के लिए व्यक्तिगत-आधारित या परिवार-आधारित आवेदन में से चुन सकते हैं।

मैं WITS के लिए प्रत्येक 6 से 12 महीने में आवेदन करने के समय व्यक्तिगत आवेदन या परिवार के आवेदन में से चुन सकता हूं।





यद्यपि दावा किए गए अवधि मे से कुछ महीनों के लिए मैं योग्य नहीं हूँ, तब भी मैं बांकी के महीनों के लिए योग्य होने के कारण WITS प्राप्त कर सकता/ सकती हूँ।

अनुदान की दर आवेदनकर्ता के मासिक कार्यरत घंटों पर निर्भर करती है। आवेदनकर्ताओं को उन महीनों के लिए WITS मिलेगी जिनके लिए वे योग्य हैं, इसकी पूर्ण दर $600 प्रति माह (प्रति माह 72 घंटों से कम काम न करने के लिए), या $300 प्रति माह की आधी दर पर (प्रति माह 72 घंटों से कम काम करने के लिए लेकिन कम से कम 36 घंटे)।






कर्मचारियों, सामयिक कर्मचारियों और स्वनियोजित व्यक्तियों, पूर्णकालिक या अंशकालिक काम करने वाले, WITS के लिए आवेदन कर सकते हैं। मेरे काम बदलने से भी कोई समस्या नहीं होगा/ होगी और मेरे सारे कार्य के घंटे गिने जाएंगे।

## आवेदन की समयसीमा

दावा अवधि के लिए अधिकतम समय पहले के 12 महीने है। जैसे कि, मई 2016 से शुरू होने वाले अनुवृत्ति के लिए आवेदन को 31 मई 2017 पर या उससे पहले पेश करना चाहिए; जून 2016 से शुरू होने वाले अनुवृत्ति को 30 जून 2017 तक पेश करना चाहिए, इत्यादि। दावा किए गए बांकी महीनो के लिए अनुवृत्ति प्रदान नही किया जाएगा।

प्रत्येक आवेदन में कम से कम 6 लगातार महीने शामिल होने चाहिए। इस तरह की कोई समस्या नहीं है, जैसे, 7, 8 या 9 महीने लेकिन यह पिछले 12 महीनों से अधिक नहीं हो सकता।





## योग्यता मानदंड



- आवेदनकर्ताओं को निम्न मानदंड पूरे करने चाहिए:

  1. हांगकांग में नियोजित या स्व-नियोजित, और कानूनी तौर पर नियोजनीय;
  2. कार्य पर जाने और आने में यात्रा पर खर्च कर रहे हों;
  3. मासिक आमदनी और संपत्ति की सीमाओं को पूरा करते हों; और
  4. प्रति माह 72 घंटों से कम काम न कर रहे हों (अगर $600 प्रति माह के पूर्ण-दर अनुदान के लिए आवेदन कर रहे हों), या 72 घंटों से कम काम कर रहे हों लेकिन प्रति माह कम से कम 36 घंटे कर रहे हों (अगर $300 प्रति माह के आधी-दर के अनुदान के लिए आवेदन कर रहे हों)।

- आवेदनकर्ताओं को साथ में सरकार की ओर से उपलब्ध कराए जाने वाले अन्य रोजगार-संबंधित परिवहन अनुदान प्राप्त नहीं होंगे जिनमें शामिल हैं:

  1. कार्य पर जाने और आने के लिए रोजगार सहायता परियोजनाओं के तहत अस्थायी वित्तीय सहायता और बूढ़ों, खराब स्वास्थ्य वाले व्यक्तियों और ऐसे असक्षम व्यक्ति जिन्हें व्यापक सामाजिक सुरक्षा सहायता (CSSA) योजना के तहत विशेष अनुदान दिए जाते हैं;
  2. मामला प्रबंधन और श्रम विभाग रोजगार की एक-जगह रोजगार सहायता सेवाओं के तहत कार्य पर जाने और आने के परिवहन खर्चों के लिए अस्थायी वित्तीय सहायता।

- ऐसे पूर्णकालिक छात्र और प्रशिक्षु जो रोजगार में नहीं हैं वे WITS के लिए योग्य नहीं हैं।

- न्यून आय वाले कामकाजी परिवार के लिए भत्ता से संबंधित व्यवस्था के लिए कृपया *कार्य प्रोत्साहन परिवहन अनुदान योजना आवेदन पर मार्गदर्शन लेख के लिए अधिक जानकारी* को उल्लेख करें[(1)]।

टिप्पणी: (1) *कार्य प्रोत्साहन परिवहन अनुदान योजना आवेदन पर मार्गदर्शन लेख के लिए अधिक जानकारी* आवेदन दस्तावेज़ के साथ संलग्न है, और श्रम विभाग के होमपेज पर भी उपलब्ध हैं।

## मासिक आमदनी और संपत्ति सीमाएं

आवेदनकर्ताओं को निम्न मासिक आमदनी और संपत्ति सीमाओं को पूरा करना चाहिए:

| परिवार का आकार | फरवरी 2017 के बाद से अनुवृत्ति के लिए आवेदन | | |
|---|---|---|---|
| | मासिक आमदनी सीमा | मासिक संपत्ति सीमा(2) | प्रभावी आय स्तर(3) (केवल संदर्भ के लिए) |
| 1 व्यक्ति या व्यक्तिगत-आधारित आवेदन | $10,000 | $91,500 | $10,526 |
| 2 व्यक्ति | $17,000 | $123,000 | $17,894 |
| 3 व्यक्ति | $19,500 | $184,500 | $20,526 |
| 4 व्यक्ति | $22,800 | $246,000 | $24,000 |
| 5 व्यक्ति | $23,900 | $246,000 | $25,157 |
| 6 व्यक्ति या उससे अधिक | $25,200 | $246,000 | $26,526 |

| परिवार का आकार | फरवरी 2016 से जनवरी 2017 तक अनुवृत्ति के लिए आवेदन | | |
|---|---|---|---|
| | मासिक आमदनी सीमा | मासिक संपत्ति सीमा(2) | प्रभावी आय स्तर(3) (केवल संदर्भ के लिए) |
| 1 व्यक्ति या व्यक्तिगत-आधारित आवेदन | $10,000 | $88,500 | $10,526 |
| 2 व्यक्ति | $16,600 | $120,000 | $17,473 |
| 3 व्यक्ति | $18,900 | $180,000 | $19,894 |
| 4 व्यक्ति | $22,100 | $240,000 | $23,263 |
| 5 व्यक्ति | $22,800 | $240,000 | $24,000 |
| 6 व्यक्ति या उससे अधिक | $25,200 | $240,000 | $26,526 |

टिप्पणी: (2) हर बुजुर्ग आवेदक या (घर परिवार-आधारित आवेदन में) 60 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के घर के सदस्य के लिए संपत्ति सीमा को बढ़ाकर $35,000 कर दिया गया है।

(3) WITS योजना के तहत, कर्मचारी के अनिवार्य भविष्य निधि (MPF) पर अनिवार्य योगदान को “आमदानी” में शामिल नही किया जाता है (यानी कर्मचारी के वेतन का 5%)। कर्मचारियों के MPF के लिए अनिवार्य योगदान की कटौती से पहले आय को “प्रभावी आय स्तर” कहा जाता है। “प्रभावी आय स्तर” केवल संदर्भ के लिए है, और आय का मूल्यांकन “मासिक आय सीमा” पर आधारित है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **आमदनी(4)=** | रोजगार से आमदनी (अंश-कालिक रोजगार सहित)(5) हांगकांग के अंदर और बाहर सहित, MPF योगदान को छोड़कर | + | **अन्य आमदनी(6) हांगकांग के अंदर और बाहर, सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई वित्तीय सहायता(7) और सामुदायिक देखभाल कोष से प्राप्त भुगतान को छोड़कर** |



| | |
|---|---|
| **संपत्तियां(4)=** | हांगकांग के अंदर और बाहर संपत्तियां, इनमें शामिल हैं जो व्यक्तिगत तौर पर, संयुक्त(8) या एक कंपनी के नाम पर उदाहरण बैंक जमा (उदाहरण अवधि जमा, विदेशी मुद्रा में जमा, चालू खाते में जमा), नकद बचत, बेटिंग खाता शेष बकाया, निवेश (उदाहरण स्टॉक, फंड, बॉन्ड, वॉरंट, शेयर), बीमा पॉलिसियों की नकद कीमत (डिविडेंड सहित), वाहन (बकाया गिरवी ऋण कटौती), हस्तांतरणीय वाहन लाइसेंस, अन्यों को ऋण, अन्यों द्वारा ट्रस्ट में मालिकाना हक वाली संपत्तियां और अन्य तुरंत बेची जा सकने वाली संपत्तियां और कीमती वस्तुएं, MPF खातों में शेष बकाया छात्र वित्तीय ऋण को छोड़कर, आदि।<br><br>**ध्यान दें: बैंक विवरणियों या पासबुक में दिखाया गया वेतन समान महीने की संपत्ति की गणना में से काट दिया जाएगा।** |

टिप्पणी: (4) परिवार के आवेदनों का आंकलन सभी आवेदनकर्ताओं और परिवार के सदस्यों की आमदनी और संपत्तियों के आधार पर किया जाएगा।

(5) उदाहरण रोजगार अध्यादेश में परिभाषित वेतनों (उदाहरण वेतन भत्ते, कमीशन, ओवरटाइम भुगतान, टिप्स और सेवा शुल्क), व्यवसाय से लाभ और स्व-रोजगार वाले व्यक्तियों द्वारा दी गई सेवाओं के लिए प्राप्त फीस।

(6) उदाहरण मासिक पेंशन, एकत्र किया गया किराया, आवेदनकर्ताओं के साथ न रहने वाले रिश्तेदारों या मित्रों से योगदान।

(7) उदाहरण CSSA, वृद्धावस्था भत्ता, बड़ी आयु का गुजारा भत्ता।

(8) संयुक्त जमा या अन्य संयुक्त संपत्तियों के लिए, संपत्ति का मूल्य सभी संपत्ति धारकों के बीच समान तौर पर साझा किया गया माना जाएगा जब तक किसी अन्य के लिए प्रमाण उपलब्ध नहीं कराए जाते।


## आवेदन दस्तावेज

व्यक्तिगत-आधारित आवेदनकर्ताओं को व्यक्तिगत आवेदन प्रपत्र जमा करना चाहिए।

परिवार-आधारित आवेदनकर्ताओँ को प्रत्येक परिवार के लिए एक परिवार आवेदन प्रपत्र जमा करना चाहिए।

## आवेदन दस्तावेजों के वितरण बिंदू

- श्रम विभाग का WITS प्रभाग
- श्रम विभाग के रोजगार केंद्र और उद्योग-आधारित भर्ती केन्द्र
- गृह मामिला विभाग के गृह मामिला पूछताछ केंद्र
- समाज कल्याण विभाग की सामाजिक सुरक्षा क्षेत्र ईकाइयां
- श्रम विभाग का होमपेजः www.labour.gov.hk
- 24-घंटे पूछताछ हॉटलाइन फोन करके प्रतिकृति: 2717 1771
  ("1823" द्वारा संचालित)



## पूछताछ

- 24-घंटे पूछताछ हॉटलाइनः **2717 1771** ("1823" द्वारा संचालित)
- श्रम विभाग का कार्य प्रोत्साहन परिवहन अनुदान प्रभाग
  (Work Incentive Transport Subsidy Division of the Labour Department)
  (पूछताछ सेवा और फार्म-भरने के लिए सहायता सेवा प्रदान की जाती हैं)

पता : यूनिट 1225, 12/F,
कोवलूनबे इंटरनेशनल ट्रेड एंड एग्जिबिशन सेंटर,
1 ट्रेडमार्ट ड्राइव, कोवलून बे

(नि:शुल्क शटल बस स्टॉप एमटीआर कोवलून बे स्टेशन के अ निकास से होकर, टेलफ़ोर्ड प्लाजा 2 में हैंग सेंग टॉवर के बाहर स्थित है)